!! कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश, अलवर !!

क्रमांक : स्था./77/2025/ 36931 दिनांक : 15 NOV 2025

:: आ दे श ::

I

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के आदेश क्रमांक G/I/A-4(i)(a)/1/76/1088 दिनांक 11.11.2025 के द्वारा श्री आस्तिक जैमन, लिपिक ग्रेड द्वितीय का भीलवाडा न्यायक्षेत्र से अलवर न्यायक्षेत्र में अन्तर जिला न्यायक्षेत्र स्थानान्तरण, आदेश में वर्णित शर्तो के अधीन किया गया है। श्री जैमन द्वारा दिनांक 14.11.2025 को पूर्वाह्न में इस कार्यालय में अपनी उपस्थिति दी गई है। श्री जैमन को कार्यालय अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–1, राजगढ में लिपिक ग्रेड द्वितीय के रिक्त पद पर तुरन्त प्रभाव से पदस्थापित किया जाता है।

II

श्री आस्तिक जैमन, लिपिक ग्रेड द्वितीय कार्यालय अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–1, राजगढ को प्रशासनिक कार्यव्यवस्था के तहत तुरन्त प्रभाव से आगामी आदेश तक कार्य करने हेतु कार्यालय अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–2, राजगढ में लगाया जाता है।

III

श्री आस्तिक जैमन, लिपिक ग्रेड द्वितीय को इस कार्यालय से आज दिनांक 15.11.2025 को अपरान्ह में कार्यभार मुक्त किया जाकर निर्देश दिया जाता है कि वे अपनी उपस्थिति तुरन्त प्रभाव से कार्यालय अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या–1, राजगढ में देवे। श्री जैमन के अवकाश खाते में 04 दिवस के आकस्मिक अवकाश शेष हैं। श्री जैमन को इस आदेश के तहत कोई योगकाल एवं यात्राभत्ता देय नहीं होगा। माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार अन्तर जिला न्यायक्षेत्र स्थानान्तरण पर आये श्री आस्तिक जैमन, लिपिक ग्रेड द्वितीय वर्तमान में इस न्यायक्षेत्र में कार्यरत लिपिक ग्रेड द्वितीय की वरीयता सूची में कनिष्ठतम रहेगे। कर्मचारी की उपस्थिति रिपोर्ट व कार्यमुक्ति आदेश की प्रतियॉ नियमानुसार इस कार्यालय को भिजवाई जावे।

(अनन्त भण्डारी)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
अ ल व र

क्रमांक : स्था./2025/ 36932-938 दिनांक : 15 NOV 2025

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अति0 मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सं. 1 राजगढ/सं. 2 राजगढ
2. संबंधित कर्मचारी/व्यक्तिगत पत्रावली/लेखाशाखा/रक्षित पत्रावली
3. सिस्टम ऑफिसर को जिला एवं सेशन न्यायालय, अलवर की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं सम्बंधित न्यायालयों को ई–मेल करने हेतु।

15.11.2025

(अनन्त भण्डारी)
जिला एवं सेशन न्यायाधीश,
अ ल व र